डा0अवधेश कुमार , असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सहरसा द्वारा दिनांक 09.12.2020 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ,पतरघट (सहरसा) का किए गए औचक निरीक्षण का प्रतिवेदन ।

**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,पतरघट**

अधोहस्ताक्षरी 09.12.2020 को 01.00 बजे अप0 में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पतरघट पहुँचे । प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र , पतरघट को चाहार दिवारी नहीं है जिसके कारण असुरक्षित है ।

**साफ–सफाई**

बाहरी / आन्तरिक परिसर की साफ–सफाई संतोषजनक पाया गया ।

**चिकित्सक/कर्मी की उपस्थिति**

डा0रश्मि कुमारी, महिला चिकित्सक एवं डा0 अविनाश कुमार , दंत चिकित्सक अनुपस्थित थे ।

**चिकित्सक/कर्मी का रोस्टर कर्त्तव्य तालिका**

चिकित्सक/ कर्मियों का रोस्टर ड्यूटी उपलब्ध पाया गया । साथ ही कर्त्तव्य तालिका के अनुसार चिकित्सक / कर्मचारी उपस्थित पाए गए ।

**संजीवनी**

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पतरघट में तीन डाटा ऑपरेटर कर्त्तव्य पर उपस्थित थे । इन डाटा ऑपरेटर के द्वारा ऑन लाईन पूर्जा काटा जा रहा था दवा का भी प्रविष्टि ऑन लाईन हो रहा था ।

**दवा सूची का प्रदर्शन**

दवा सूची का प्रदर्शन नहीं किया गया था । प्रदर्शन हेतु बोर्ड भी उपलब्ध नहीं था । अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेशित किया गया कि 48 घंटा के अन्दर बोर्ड बनाकर निर्धारित स्थान यथा – अन्तःवासी विभाग , बाह्य विभाग , प्रसव कक्ष के समक्ष नए ई0डी0एल0 के अनुसार दवा सूची का प्रदर्शन करवाना सुनिश्चित करें ।

**रेडियोलॉजी**

यहाँ पर एक्स–रे टेकनिशिन का पद स्वीकृत नहीं है और न हीं पी0पी0ई0 मोड में चलाने हेतु राज्य स्तर से किसी प्रकार का निदेश है ।

**दंत विभाग**

दंत चिकित्सक का पद स्वीकृत एवं पदस्थापित है , परन्तु कर्त्तव्य पर उपस्थित नहीं रहने के कारण वहाँ इसकी सुविधा नहीं हो पा रही थी । डेन्टल कुर्सी आठ दिन राज्य स्तर से प्राप्त हुआ है, परन्तु इसका अधिष्ठापन नहीं हुआ है । इसे अधिष्ठापन कराने हेतु प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी , प्रा0स्वा0के0 पतरघट को निदेशित किया गया।

**विद्युत आपूर्ति**

जेनरेटर एवं विभाग द्वारा विद्युत की आपूर्ति हो रही थी ।

**प्रयोगशाला**

थ्री पार्ट सेल काउन्टर एवं सेमी ऑटोमेटिक बायो केमिस्ट्री एनेलाईजर अधिष्ठापित एवं क्रियाशील पाया गया ।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य
चिकित्सा पदाधिकारी,सहरसा।

ज्ञापांक 2196 / सहरसा,दिनांक 09.12.20

प्रतिलिपि अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के प्रधान लिपिक, भंडारपाल / श्री माधव खाँ , लिपिक/ श्री नन्द कुमार खाँ , लिपिक को सूचनार्थ एवं अग्रतर कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी , प्राथमिक स्वा0के0पतरघट को सूचनार्थ एवं निदेश अनुपालनार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,सहरसा/ अपर उपाधीक्षक–सह– सहायक अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी , संचारी रोग , जिला यक्ष्मा केन्द्र ,सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपि सिविल सर्जन–सह–सदस्य सचिव,जिला स्वा0 समिति, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपि जिला पदाधिकारी,सहरसा को सूचनार्थ समर्पित ।

प्रतिलिपि क्षेत्रीय अपर निदेशक,स्वा0सेवाएँ,कोशी प्रमण्डल,सहरसा को सूचनार्थ समर्पित ।

प्रतिलिपि निदेशक–प्रमुख,स्वा0 सेवाएँ,बिहार,पटना को सूचनार्थ समर्पित ।

प्रतिलिपि कार्यपालक निदेशक , राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार , पटना को सूचनार्थ समर्पित ।

प्रतिलिपि प्रधान सचिव , स्वास्थ्य विभाग , बिहार , पटना को सूचनार्थ समर्पित ।

9.12.20

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य
चिकित्सा पदाधिकारी,सहरसा।



Scanned with CamScanner

(34)

**डा0अवधेश कुमार , असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सहरसा द्वारा दिनांक 09.12.2020 को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ,सोनबर्षा (सहरसा) का किए गए औचक निरीक्षण का प्रतिवेदन ।**

**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,सोनबर्षा**

अधोहस्ताक्षरी 09.12.2020 को 11.30 बजे पूर्वा0 में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सोनबर्षा पहूँचे । चिकित्सक , प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे । इस संस्थान के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी , डा0 नरेन्द्र कुमार सिन्हा हैं , जो उपाधीक्षक , अनुमण्डलीय अस्पताल , सिमरीबख्तियारपुर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिमरीबख्तियारपुर के प्रभार में भी हैं , वे उपस्थित थे ।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र , सोनबर्षा का पुराना भवन जर्जर स्थिति में है और काम करने लायक नहीं है । इसका जीर्णोद्धार आवश्यक है ।

**साफ–सफाई**

बाहरी परिसर की साफ–सफाई संतोषजनक पाया गया , परन्तु आन्तरिक साफ–सफाई असंतोषजनक पाया गया । शौचालय एवं कमरा से दुर्गंध आ रहा था ,जिसे अविलंब साफ करने का निदेश दिया गया ।

**चिकित्सक / कर्मी की उपस्थिति**

श्री मुकूल कुमार सिंह, स्वास्थ्य प्रशिक्षक अनुपस्थित थे । संबंधित कर्मी से स्पष्टीकरण पुछकर अपने मंतव्य के साथ अधोहस्ताक्षरी को भेजे । इनका दिनांक 09.12.2020 का अनुपस्थित अवधि का वेतन अवरुद्ध किया जाता है ।

**चिकित्सक / कर्मी का रोस्टर कर्त्तव्य तालिका**

चिकित्सक का रोस्टर ड्यूटी उपस्थापित किया गया । अन्य विभाग यथा प्रसव कक्ष , अन्तःवासी विभाग , बाह्य विभाग एवं अन्य का कर्त्तव्य तालिका अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित नहीं किया गया । अविलंब तैयार कर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय एवं जिला स्वास्थ्य समिति , सहरसा को भेजने का निदेश दिया गया ।

**संजीवनी**

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनबर्षा में चार डाटा ऑपरेटर उपस्थित थे । परन्तु इनके द्वारा हस्तलिखित पूर्जा काटा जा रहा था । कारणपृच्छा किए जाने पर बताया गया कि इन्हें यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड प्राप्त नहीं हुआ है । इस संदर्भ में जिला अनुश्रवण एवं मुल्यांकण पदाधिकारी , जिला स्वास्थ्य समिति, सहरसा को अविलंब इन कर्मियों को यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड उपलब्ध कराने की दिशा में अविलंब अग्रतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया । अधोहस्ताक्षरी के दिनांक 02.12.2020 को निरीक्षण के दौरान इस संदर्भ में निदेश दिया गया था ।

**दवा सूची का प्रदर्शन**

दवा सूची का प्रदर्शन नहीं किया गया था । प्रदर्शन हेतु बोर्ड भी उपलब्ध नहीं था । अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेशित किया गया कि 48 घंटा के अन्दर बोर्ड बनाकर निर्धारित स्थान यथा – अन्तःवासी विभाग , बाह्य विभाग , प्रसव कक्ष के समक्ष नए ई0डी0एल0 के अनुसार दवा सूची का प्रदर्शन करवाना सुनिश्चित करें ।

**रेडियोलॉजी**

यहाँ पर एक्स–रे टेकनिशिन का पद स्वीकृत नहीं है और न हीं पी0पी0ई0 मोड में चलाने हेतु राज्य स्तर से किसी प्रकार का निदेश है ।

**दंत विभाग**

दंत चिकित्सक का पद स्वीकृत नहीं है , जिस कारण से दंत संबंधी कार्य का संपादन नहीं होता है ।

**विद्युत आपूर्ति**

जेनरेट एवं विद्युत विभाग द्वारा विद्युत की आपूर्ति हो रही थी । परन्तु वायरींग की स्थिति जर्जर रहने के कारण कार्य में व्यवधान उत्पन्न होना स्वाभाविक है ।

**प्रयोगशाला**

थ्री पार्ट सेल काउन्टर एवं सेमी ऑटोमेटिक बायो केमिस्ट्री एनेलाईजर अधिष्ठापित एवं कियाशील पाया गया । परन्तु प्रयोगशाला प्रावैधिकों द्वारा कोविड–19 के जॉच संबंधी कार्य लिया जा रहा था । निदेशित किया गया कि एक प्रयोगशाला प्रावैधिक से कोविड–19 जॉच एवं एक प्रयोगशाला प्रावैधिक से प्रयोगशाला का नियमित जॉच व्यवस्था सुनिश्चित की जाय । साथ हीं प्रयोगशाला को व्यवस्थित एवं सूदृढ़ की जाय ।

ह0 / –

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य
चिकित्सा पदाधिकारी,सहरसा।



Scanned with CamScanner

ज्ञापांक 2197 / सहरसा,दिनांक 09-12-20

प्रतिलिपि अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के प्रधान लिपिक, भंडारपाल / श्री माधव खॉ . लिपिक / श्री नन्द कुमार खॉ . लिपिक को सूचनार्थ एवं अग्रतर कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी . प्राथमिक स्वा0के0 सोनवर्षा को सूचनार्थ एवं निदेश अनुपालनार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,सहरसा / अपर उपाधीक्षक–सह-- सहायक अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी , संचारी रोग , जिला यक्ष्मा केन्द्र ,सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपि सिविल सर्जन--सह–सदस्य सचिव,जिला स्वा0 समिति, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

प्रतिलिपि जिला पदाधिकारी,सहरसा को सूचनार्थ समर्पित ।

प्रतिलिपि क्षेत्रीय अपर निदेशक,स्वा0सेवाएँ,कोशी प्रमण्डल,सहरसा को सूचनार्थ समर्पित ।

प्रतिलिपि निदेशक–प्रमुख,स्वा0 सेवाएँ,बिहार,पटना को सूचनार्थ समर्पित ।

प्रतिलिपि कार्यपालक निदेशक , राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार , पटना को सूचनार्थ समर्पित ।

प्रतिलिपि प्रधान सचिव , स्वास्थ्य विभाग , बिहार , पटना को सूचनार्थ समर्पित ।

9/12/20

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य
चिकित्सा पदाधिकारी,सहरसा।

Scanned with CamScanner